दृष्टि
The Vision

# यू.पी.पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा–2018
# सामान्य अध्ययन–I
# (मॉडल पेपर–2)

समय : 2 घंटे

अधिकतम अंक: 200

1. जर्मन सिल्वर मिश्रधातु है–
   (a) सिल्वर, तांबा और जस्ता का
   (b) तांबा, जस्ता और निकिल का
   (c) निकिल, तांबा और सिल्वर का
   (d) सिल्वर, जस्ता और निकिल का
2. निम्नलिखित में से किस बल के कारण द्रव की दो छोटी बूँदें संपर्क में आते ही मिलकर बड़ी बूँद बना लेती हैं?
   (a) प्रतिबल (Stress)
   (b) उत्प्लावन बल (Upthrust Force)
   (c) ससंजक बल (Cohesive force)
   (d) आसंजक बल (Adhesive force)
3. एक भारहीन गुब्बारे में 200 ग्राम जल भरा गया है, इस गुब्बारे का जल में भार–
   (a) 250 ग्राम हो जाएगा
   (b) 150 ग्राम रह जाएगा
   (c) शून्य हो जाएगा
   (d) गुब्बारे के भार में कोई परिवर्तन नहीं होगा
4. दंत विशेषज्ञों (Dentists) द्वारा दाँतों का बड़ा प्रतिबिंब देखने में उपयोग किया जाता है–
   (a) उत्तल दर्पण का
   (b) अवतल दर्पण का
   (c) समतल दर्पण का
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
5. अम्लराज या एक्वारेजिया कहा जाता है–
   (a) सांद्र हाइड्रोक्लोरिक अम्ल एवं सांद्र नाइट्रिक अम्ल के मिश्रण को
   (b) सांद्र सल्फ्यूरिक अम्ल एवं अमोनिया के मिश्रण को
   (c) सिट्रिक अम्ल तथा बेन्जोइक अम्ल के मिश्रण को
   (d) नाइट्रिक अम्ल तथा सल्फ्यूरिक अम्ल के मिश्रण को
6. मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों में निम्नलिखित में से किसकी प्रतिशत मात्रा अधिक होती है?
   (a) ऑक्सीजन (b) नाइट्रोजन
   (c) हाइड्रोजन (d) कैल्शियम
7. बल का मात्रक होता है–
   (a) वाट (b) ओम
   (c) न्यूटन (d) जूल
8. जीवविज्ञानी पृथ्वी पर जीवन के लिये किन पदार्थों को आवश्यक मानते हैं?
   (a) हाइड्रोजन, ऑक्सीजन, सोडियम, सल्फर, कार्बन
   (b) कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, सल्फर, फॉस्फोरस
   (c) ऑक्सीजन, कैल्शियम, फॉस्फोरस, कार्बन, पोटैशियम
   (d) फॉस्फोरस, पोटैशियम, कार्बन, सल्फर, ऑक्सीजन
9. सिगरेट लाइटर में निम्नलिखित में से कौन-सी गैस प्रयुक्त होती है?
   (a) मीथेन (b) रेडॉन
   (c) ब्यूटेन (d) प्रोपेन
10. नाखून (Nails) बने होते हैं–
   (a) कैल्सियम सुपर फॉस्फेट के
   (b) सोडियम के
   (c) $\alpha$ – किरैटिन्स के
   (d) $\beta$ – किरैटिन्स के
11. वेल्डिंग में प्रयुक्त की जाने वाली गैस है–
   (a) एसीटिलीन तथा हाइड्रोजन
   (b) ऑक्सीजन तथा हीलियम
   (c) ऑक्सीजन तथा एसीटिलीन
   (d) हाइड्रोजन तथा ऑक्सीजन
12. फुलरीन (Fullerene) अपररूप है–
   (a) कार्बन का (b) ग्रेफाइट का
   (c) टेफ्लॉन का (d) शुष्क बर्फ का
13. मक्खन में निम्नलिखित में से कौन-सा एसिड पाया जाता है?
   (a) साइट्रिक एसिड (b) लैक्टिक एसिड
   (c) ब्यूट्रिक एसिड (d) एसीटिक एसिड
14. वर्गिकी का पिता (Father of Taxonomy) कहा जाता है–
   (a) कैरोलस लीनियस को (b) डार्विन को
   (c) बेंडा को (d) थियोफ्रेस्टस को
15. मानव शरीर की सबसे छोटी कोशिका है–
   (a) अंडाणु (Ovum)
   (b) सेरीबेलम की ग्रेन्यूल सेल (Granule Cell of Cerebellum)
   (c) न्यूरॉन (Neuron)
   (d) केंद्रक (Nucleus)
16. मेलाटोनिन हार्मोन का स्राव होता है–
   (a) डाइएनसिफलॉन से (b) थैलमस से
   (c) पिनियल ग्रंथि से (d) हाइपोथैलमस
17. जन्म हार्मोन कहलाता है–
   (a) ऑक्सीटोसिन (b) वेसोप्रेसिन
   (c) प्रोलैक्टिन (d) सेरोटोनिन

18. शैवालों में जनन निम्नलिखित में से किस विधि द्वारा होता है?
(a) मुकुलन (Budding)
(b) खंडन (Fragmentation)
(c) बीजाणु निर्माण (Spore Formation)
(d) लैंगिक जनन (Sexual Reproduction)

19. निम्नलिखित में से कौन परागण के कारक (Agents of Pollination) हैं?
(a) मधुमक्खी (b) बीटल
(c) मॉथ (d) उपरोक्त सभी

20. निम्नलिखित में से किसमें मूसला जड़ (Tap Root) पाया जाता है?
(a) सरसों का पौधा (b) गेहूँ का पौधा
(c) घास (d) बरगद

21. फूलगोभी का निम्नलिखित में से कौन-सा भाग खाने योग्य होता है?
(a) कायिक कलिका (b) छाल
(c) ताजा पुष्प समूह (d) भ्रूणपोष

22. पीत ज्वर (Yellow Fever) बीमारी है-
(a) वायरस जनित (b) जीवाणु जनित
(c) कवक जनित (d) शैवाल जनित

23. निम्नलिखित में से कौन प्राथमिक प्रदूषक है?
(a) ओज़ोन ($O_3$)
(b) सल्फ्यूरिक एसिड ($H_2SO_4$)
(c) धूम (Smog)
(d) कार्बन डाईऑक्साइड ($CO_2$)

24. केंद्रीय कॉफी अनुसंधान संस्थान अवस्थित है-
(a) करनाल (हरियाणा)
(b) राजमुंदरी (आंध्र प्रदेश)
(c) चिकमंगलूर (कर्नाटक)
(d) जोधपुर (राजस्थान)

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. दो या दो से अधिक भिन्न पारितंत्रों के बीच संक्रमण क्षेत्र जहाँ जैव-विविधता अपेक्षाकृत अधिक होती है, इकोटोन कहलाता है।
2. किसी क्षेत्र में उपस्थित होने वाला प्रथम जीव या समुदाय अग्रज समुदाय (Pioneer Community) कहलाता है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
1. लोहे एवं इस्पात को जंग से सुरक्षित रखने के लिये उन पर जस्ते की परत चढ़ाने को एनोडीकरण कहते हैं।
2. एल्युमीनियम की संक्षारण से सुरक्षा हेतु इस पर मोटी ऑक्साइड की परत बनाने की प्रक्रिया यशदलेपन कहलाता है।

कूट के सहयोग से सही उत्तर का चयन करें-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

27. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग आनुवंशिक नहीं है?
(a) हीमोफीलिया (b) थैलेसीमिया
(c) वर्णांधता (d) डेंगू

28. जब कोई व्यक्ति नाव से कूदता है तो नाव के पीछे खिसकने का कारण है-
(a) अभिकेंद्रीय बल
(b) बल आघूर्ण
(c) संवेग संरक्षण का सिद्धांत
(d) जड़त्व आघूर्ण

29. ब्लैक बोर्ड पर चॉक से लिख पाना निम्नलिखित में से किस बल के कारण संभव हो पाता है?
(a) आसंजक बल (b) ससंजक बल
(c) प्रतिबल (d) उत्प्लावन बल

30. खतरे के संकेतों को लाल रंग के बनाए जाते हैं क्योंकि-
(a) लाल रंग का प्रकीर्णन सबसे अधिक होता है इसलिये यह रंग दूर तक दिखाई देता है।
(b) लाल रंग का प्रकीर्णन सबसे कम होता है इसलिये यह रंग दूर तक दिखाई देता है।
(c) लाल रंग का विवर्तन अधिक होता है।
(d) लाल रंग का परावर्तन नहीं होता है।

31. कथन (A): दक्षिणी ट्रैप की रेगुर मिट्टियाँ काली होती हैं।
कारण (R): उनमें ह्यूमस की कमी पाई जाती है।
नीचे दिये गए कूट के सहयोग से सही उत्तर चुनिये-
(a) (A) तथा (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(b) (A) तथा (R) दोनों सही हैं किंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) (A) सही है किंतु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है किंतु (R) सही है।

32. निम्नलिखित में से किस वृक्ष को 'मरूस्थल का राजा' कहा जाता है?
(a) ढाक (b) खेजरी
(c) सनई (d) शीशम

33. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?

| **बांध/झील** | **नदी** |
|---|---|
| (a) गोविंद सागर | सतलज |
| (b) कोलेरू झील | कृष्णा |
| (c) उकई जलाशय | ताप्ती |
| (d) वुलर झील | झेलम |

34. मिश्रित खेती की प्रमुख विशेषता होती है-
(a) दो या दो से अधिक खरीफ फसल को एक ही खेत में उगाना
(b) दो रबी तथा एक खरीफ फसलों को एक साथ उगाना
(c) नकदी और खाद्य फसलों को एक साथ उगाना
(d) पशुपालन और फसल उत्पादन एक साथ करना

35. इनमें से कौन खरीफ फसल नहीं हैं?
(a) मक्का (b) मटर
(c) तंबाकू (d) ज्वार

36. शहतूत रेशम का अग्रणी उत्पादक राज्य निम्नलिखित में से कौन है?
(a) बिहार (b) झारखंड
(c) कर्नाटक (d) असम

37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारतीय मानसून पर एलनिनो का प्रभाव नहीं पड़ता है।
2. एलनिनो सामान्यत: दिसंबर के महीने में पेरू तट के निकट प्रवाहित होने वाली एक ठंडी जलधारा है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

38. 'नाथरा-की-पाल' तथा 'थूर-हुंडेर' क्षेत्र किस खनिज के लिये प्रसिद्ध है?
(a) सीसा एवं जस्ता (b) तांबा
(c) लौह अयस्क (d) अभ्रक

39. भारतीय खनिज का 'हृदय स्थल' किसे कहा जाता है?
(a) पूर्वी घाट
(b) पश्चिमी घाट
(c) छोटानागपुर, दंडकारण्य पठार
(d) हिमालय क्षेत्र

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. कोयले में उपस्थित कार्बन कोयले को रंग प्रदान करता है।
2. कोयले की ऊष्मीय क्षमता को निर्धारित करने में कार्बन की कोई भूमिका नहीं होती है।
3. एन्थ्रेसाइट कोयले का सबसे कठोर, चमकीला और सर्वोत्तम रूप है।
उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) 1 और 2
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

41. तवा नदी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदी है?
(a) महानदी (b) नर्मदा
(c) कावेरी (d) कृष्णा

42. 11वाँ ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वर्ष 2019 में कहाँ संपन्न किया जाएगा?
(a) ब्राज़ील (b) भारत
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) चीन

43. शांत घाटी अवस्थित है-
(a) केरल (b) उत्तराखंड
(c) हिमाचल प्रदेश (d) असम

44. कंदराओं की छत से फर्श पर टपकने वाले चूना मिश्रित जल से निर्मित स्तंभ रूपी संरचना कहलाता है-
(a) स्टैलेक्टाइट (b) स्टैलेग्माइट
(c) कंदरा स्तंभ (d) टेरा रोसा

45. निम्नलिखित में से कौन-सी असंबद्धता निचले मैंटल को ऊपरी कोर (क्रोड) से पृथक करती है?
(a) गुटेनबर्ग असंबद्धता (b) मोहो असंबद्धता
(c) कोनराड असंबद्धता (d) रेपटी असंबद्धता

46. जब मैग्मा पृथ्वी की सतह के अंदर उर्ध्वाधर रूप में एक स्तंभ के समान जम जाता है तो इस प्रकार निर्मित संरचना कहलाती है-
(a) लैकोलिथ (b) सिंडर शंकु
(c) डाइक (d) बैथोलिथ

47. समुद्री तटीय भागों में बालू बजरी एवं गोलाश्म आदि के उथले जमाव से निर्मित स्थलाकृति को कहते हैं-
(a) बरखान (b) स्टैक
(c) भृगु (d) पुलिन

48. संगमरमर निम्नलिखित में से किस मौलिक चट्टान का रूपांतरण है?
(a) बालुका पत्थर (b) स्लेट
(c) चूना पत्थर (d) डोलोमाइट

49. वायुमंडल की निचली परतों में ऊष्मा का आदान-प्रदान निम्नलिखित में से किस विधि द्वारा होता है?
(a) संवहन (b) चालन
(c) विकिरण (d) अभिवहन

50. 100 इकाइयों में से कितनी इकाई ऊर्जा पृथ्वी के धरातल पर पहुँचने से पहले ही अंतरिक्ष में परावर्तित हो जाती हैं?
(a) 30 इकाई (b) 42 इकाई
(c) 54 इकाई (d) 35 इकाई

51. वायुमंडल सूर्यातप की मात्रा को किस रूप में प्राप्त करती है?
(a) दीर्घ तरंग
(b) लघु तरंग
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

52. कोरिऑलिस बल शून्य होता है-
(a) कर्क रेखा पर (b) मकर रेखा पर
(c) ध्रुवों पर (d) विषुवत् रेखा पर

53. अंग्रेज़ों ने राजघाट की संधि किस मराठा सरदार के साथ की?
(a) बड़ौदा के गायकवाड़ से
(b) इंदौर के होल्कर से
(c) नागपुर के भोंसले से
(d) ग्वालियर के सिंधिया से

54. ब्रिटिश भू-राजस्व नीतियों के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-
1. स्थायी तथा रैयतवाड़ी बंदोबस्त देश की परंपरागत भूमि-प्रथाओं से मूलत: भिन्न थी।
2. ब्रिटिशों ने भूमि को पण्य वस्तु बना दिया।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

55. औपनिवेशिक काल में 'अधोगामी निस्यंदन सिद्धांत (Downward Filtration Theory) का संबंध किससे था?
(a) शिक्षा (b) न्याय प्रणाली
(c) रेलवे (d) भू-राजस्व

56. ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना किसने की थी?
(a) सुरेंद्रनाथ बनर्जी (b) जस्टिस रानाडे
(c) वीर राघवाचारी (d) दादा भाई नौरोजी

57. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा कूट के सहयोग से सही उत्तर चुनिये-

| **सूची-I (संस्थापक)** | **सूची-II (संस्था)** |
|---|---|
| A. सुरेंद्रनाथ बनर्जी | 1. पूना सार्वजनिक सभा |
| B. जस्टिस रानाडे | 2. बॉम्बे प्रेसीडेंसी एसोसिएशन |
| C. केशव चंद्र सेन | 3. वेद समाज |
| D. फिरोज़ शाह मेहता | 4. इंडियन एसोसिएशन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

58. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी?
(a) व्योमेश चंद्र बनर्जी (b) सुरेंद्र नाथ बनर्जी
(c) सत्येंद्र नाथ टैगोर (d) फिरोज़शाह मेहता

59. ब्रह्म समाज के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-
1. राजा राममोहन राय के बाद ब्रम्ह समाज की परंपरा को देवेंद्रनाथ ठाकुर ने आगे बढ़ाया।
2. ब्रम्ह समाज का अधिकांश प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों एवं मज़दूरों पर था।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

60. 1840 में बंबई में स्थापित परमहंस मंडली का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(a) नर बलि प्रथा का विरोध करना।
(b) पाश्चात्य शिक्षा का प्रसार करना।
(c) जाति प्रथा का विरोध करना।
(d) विधवा पुनर्विवाह करवाना।

61. वंदे मातरम् का प्रयोग व्यापक स्तर पर निम्नलिखित में से किस आंदोलन में किया गया?
(a) खेड़ा सत्याग्रह (b) चंपारण सत्याग्रह
(c) रौलट सत्याग्रह (d) स्वदेशी आंदोलन

62. कॉन्ग्रेस और मुस्लिम लीग के बीच प्रसिद्ध लखनऊ समझौता कब हुआ था?
(a) 1914 (b) 1915
(c) 1916 (d) 1917

63. "वह समय आ गया है जब सम्मान के प्रतीक अपमान अपने बेमेल संदर्भ में हमारी शर्म को उजागर करते हैं और मैं, जहाँ तक मेरा सवाल है, सभी विशिष्ट उपाधियों से रहित होकर अपने देशवासियों के साथ खड़ा होना चाहता हूँ"
उपर्युक्त कथन किसका है?
(a) महात्मा गांधी (b) मदन मोहन मालवीय
(c) रवींद्रनाथ टैगोर (d) जवाहरलाल नेहरू

64. कॉन्ग्रेस के किस अधिवेशन के दौरान सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया?
    (a) कलकत्ता अधिवेशन (b) लाहौर अधिवेशन
    (c) लखनऊ अधिवेशन (d) कराची अधिवेशन
65. सीमांत गांधी (Frontier Gandhi) निम्नलिखित में से किसे कहा जाता है?
    (a) फिरोज़शाह मेहता
    (b) मौलाना अबुल कलाम आज़ाद
    (c) आगा खाँ
    (d) खान अब्दुल गफ्फार खान
66. चोल कला का उत्कृष्टतम् उदाहरण है–
    (a) सोमस्कंद (b) नटराज की कांस्यमूर्ति
    (c) महिषासुरमर्दिनी (d) नृत्यरत स्त्री
67. शिल्पादिकारम ग्रंथ संबंधित है–
    (a) दर्शन से (b) व्याकरण से
    (c) प्रेम कथा से (d) वणिक कथा से
68. पाण्ड्यों की राजधानी थी–
    (a) तंजावुर (b) मदुरई
    (c) पुदुकोट्टै (d) श्री रंगम
69. निम्नलिखित में से किस रचना में चंद्रगुप्त मौर्य को 'वृषल' तथा 'कुलहीन' कहा गया है?
    (a) मालविकाग्निमित्रम्
    (b) विनय पत्रिका
    (c) मुद्राराक्षस
    (d) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
70. भोगवा नदी के किनारे निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल स्थित था?
    (a) हड़प्पा (b) मोहनजोदड़ो
    (c) लोथल (d) चन्हूदड़ो
71. सिंधु घाटी में व्यापक रूप से उपासना निम्नलिखित में से किसकी होती थी?
    (a) मातृदेवी की (b) विष्णु की
    (c) वरुण की (d) महेश की
72. प्रथम बौद्ध संगीति का आयोजन कहाँ किया गया?
    (a) पाटलिपुत्र (b) राजगृह
    (c) कुंडलवन (d) वैशाली
73. शाहनामा के लेखक का नाम क्या था?
    (a) इब्नबतूता (b) फिरदौसी
    (c) अलबरूनी (d) बरनी
74. मुहम्मद गोरी के सिक्कों पर निम्नलिखित में से किस देवी की आकृति बनी हुई है?
    (a) देवी लक्ष्मी (b) देवी पार्वती
    (c) देवी सरस्वती (d) देवी दुर्गा
75. इल्तुतमिश ने मलिक जानी को कहाँ का सूबेदार नियुक्त किया था?
    (a) बंगाल का (b) बिहार का
    (c) उड़ीसा का (d) राजमहल का
76. **कथन (A):** 'अमीर-ए-कोही' विभाग की स्थापना मुहम्मद बिन तुगलक द्वारा की गई।
    **कारण (R):** मुहम्मद बिन तुगलक कृषि की उन्नति चाहता था।
    नीचे दिये गए कूट के सहयोग से सही उत्तर चयन कीजिये–
    (a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की
    (b) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की
    (c) (A) सही है परंतु (R) गलत है।
    (d) (A) गलत है परंतु (R) सही है।
77. 'दार-उल-शफा' निम्नलिखित में से किसके द्वारा स्थापित की गई?
    (a) मुहम्मद बिन तुगलक (b) फिरोज़ शाह तुगलक
    (c) अलाउद्दीन खिलजी (d) गयासुद्दीन तुगलक
78. 52वाँ संविधान संशोधन अधियिम 1985 संबंधित है–
    (a) संविधान के प्रस्तावना से
    (b) दल-बदल विरोधी अधिनियम से
    (c) प्राथमिक शिक्षा से
    (d) स्थानीय शासन से
79. निम्नलिखित में से किस समिति की सिफारिश पर पेसा अधिनियम अस्तित्व में आया?
    (a) वांचू समिति (b) भूरेलाल समिति
    (c) के.सी. नियोगी समिति (d) भूरिया समिति
80. ग्राम पंचायतों के लिये निम्नलिखित में से कितने विषयों की सूची की व्यवस्था की गई है?
    (a) 29 विषय (b) 25 विषय
    (c) 18 विषय (d) 15 विषय
81. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के तहत आवश्यकता पड़ने पर सेवानिवृत जजों को अल्पकाल के लिये सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में आमंत्रित किया जाता है?
    (a) अनुच्छेद-124 (b) अनुच्छेद-126
    (c) अनुच्छेद-128 (d) अनुच्छेद-130
82. शून्य काल (Zero Hour) कहलाता है–
    (a) प्रश्नकाल के ठीक पहले का एक घंटा
    (b) प्रश्नकाल के ठीक बाद (12 से 1 बजे के बीच) का एक घंटा
    (c) लंच के ठीक बाद का पहला घंटा
    (d) बैठक समापन के ठीक पहले का एक घंटा

83. **कथन (A):** मंत्रियों का सामूहिक उत्तरदायित्व प्रधानमंत्री के प्रति होता है।

**कारण (R):** भारत में मंत्रियों का कोई विधिक उत्तरदायित्व नहीं होता है।

नीचे दिये गए कूट के सहयोग से सही उत्तर का चयन कीजिये-

(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की

(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परंतु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की

(c) (A) सही है परंतु (R) गलत है।

(d) (A) गलत है परंतु (R) सही है।

84. प्राक्कलन समिति (Estimates Committee) का गठन निम्नलिखित में से किस समिति के सिफारिश पर किया गया?

(a) जॉन मथाई समिति

(b) कृष्ण मेनन समिति

(c) सरदार स्वर्ण सिंह समिति

(d) भूरेलाल समिति

85. संविधान की आठवीं अनुसूची संबंधित है-

(a) दल-बदल के आधार पर संसद एवं विधानसभा के सदस्यों की निरर्हता से

(b) भू सुधारों और जमींदारी उन्मूलन से

(c) भाषाओं से

(d) स्थानीय स्वशासन से

86. भारतीय संविधान में 'राष्ट्रपति पर महाभियोग' से संबंधित प्रावधान निम्नलिखित में से किससे ली गई है?

(a) संयुक्त राज्य अमेरिका का संविधान

(b) ब्रिटेन का संविधान

(c) कनाडा का संविधान

(d) जर्मनी का वाइमर संविधान

87. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश निम्नलिखित में से कितनी आयु तक पद धारण करते हैं?

(a) 62 वर्ष (b) 65 वर्ष

(c) 70 वर्ष (d) 72 वर्ष

88. नई लोक सभा के गठन से पूर्व वर्तमान लोक सभा का अंतिम सत्र कहलाता है-

(a) बजट सत्र

(b) विशेष सत्र

(c) लेम डक सत्र

(d) मॉनसून सत्र

89. महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(a) महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।

(b) वह देश का सर्वोच्च कानून अधिकारी होता है।

(c) वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।

(d) भारतीय संविधान में इसके कार्यकाल व वेतन-भत्ते का स्पष्ट उल्लेख है।

90. अंतर्राज्यीय परिषद की एक वर्ष में कम-से-कम कितनी बैठकें होनी चाहियें?

(a) तीन (b) चार

(c) पाँच (d) छहः

91. निम्नलिखित में से कौन सांविधिक निकाय है?

(a) निर्वाचन आयोग (b) संघ लोक सेवा आयोग

(c) वित्त आयोग (d) क्षेत्रीय परिषद

92. राज्यपाल अपना त्यागपत्र किसे देता है?

(a) मुख्यमंत्री को

(b) राष्ट्रपति को

(c) मुख्य न्यायाधीश को

(d) विधानसभा अध्यक्ष को

93. मध्य-क्षेत्रीय परिषद का मुख्यालय अवस्थित है-

(a) मुंबई (b) चेन्नई

(c) इलाहाबाद (d) नई दिल्ली

94. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत के संविधान का अनुच्छेद '39A' समाज के कमज़ोर वर्गों के लिये निःशुल्क कानूनी सहायता का प्रावधान करता है।
2. राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (NLSA) का गठन कानूनी सेवाएँ प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत किया गया है?

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

95. जनहित याचिका का सर्वप्रथम उत्पत्ति एवं विकास किस देश में हुआ?

(a) जापान (b) इंग्लैंड

(c) अमेरिका (d) फ्राँस

96. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों को हटाने की शक्ति निहित है-

(a) राज्यपाल में

(b) प्रधानमंत्री में

(c) हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश में

(d) राष्ट्रपति में

97. ज़िला और सत्र न्यायाधीश निम्नलिखित में से किसके नियंत्रण में काम करते हैं?
   (a) ज़िलाधीश
   (b) राज्य के राज्यपाल
   (c) राज्य के विधिमंत्री
   (d) राज्य के उच्च न्यायालय

98. नई अखिल भारतीय सेवाओं का गठन निम्नलिखित में से किसके द्वारा हो सकता है?
   (a) राज्यसभा के प्रस्ताव द्वारा
   (b) संसदीय अधिनियम द्वारा
   (c) राष्ट्रपति के आदेश द्वारा
   (d) लोक सभा और राज्य सभा के संयुक्त अधिवेशन द्वारा

99. जून, 2018 में निम्नलिखित में से किस तूफान से सोकोत्रा द्वीप प्रभावित हुआ था?
   (a) मेकेनु (b) इरमा
   (c) वरदा (d) हरिकेन

100. भारतीय भूगर्भीय सर्वेक्षण की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सर्वाधिक कोयले का भंडार है-
   (a) केरल में (b) तमिलनाडु में
   (c) झारखंड में (d) महाराष्ट्र

101. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आँकड़ों के अनुसार देश का सबसे बड़ा बायोमेडिकल कचरा उत्पादक राज्य है-
   (a) हरियाणा (b) पश्चिम बंगाल
   (c) केरल (d) महाराष्ट्र

102. ई-गवर्नेंस पर 21वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न हुआ-
   (a) कोच्चि में (b) हैदराबाद में
   (c) पटना में (d) लखनऊ में

103. भारत का पहला 'कचरा महोत्सव' आयोजित किया गया-
   (a) भोपाल में (b) लखनऊ में
   (c) रायपुर में (d) नई दिल्ली में

104. हाल ही में किस देश ने अमेरिका के बाद यूनेस्को से अपनी सदस्यता छोड़ने की घोषणा की?
   (a) सऊदी अरब (b) संयुक्त अरब अमीरात
   (c) इज़रायल (d) यमन

105. स्पेन का एक स्वायत्त क्षेत्र, जिसने अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की-
   (a) लियोन (b) कैटेलोनिया
   (c) बार्सिलोना (d) मालागा

106. संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2019 को घोषित किया गया है-
   (a) दलहन वर्ष
   (b) तिलहन वर्ष
   (c) गरीबी उन्मूलन वर्ष
   (d) देशीय भाषाओं का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष

107. नीति आयोग ने निम्नलिखित में से किसके साथ 'भीम एप' एवं 'महिला उद्यमशीलता प्लेटफॉर्म' को बढ़ावा देने के लिये समझौता किया है?
   (a) सलमान खान (b) अक्षय कुमार
   (c) सुशांत सिंह राजपूत (d) आमीर खान

108. सुरहाताल पक्षी विहार अवस्थित है-
   (a) प्रतापगढ़ (b) बलिया
   (c) मैनपुरी (d) आगरा

109. 'वन पार्ट वुमन' नामक पुस्तक किसकी रचना है?
   (a) पेरूमल मुरूगन (b) अमीष त्रिपाठी
   (c) उदय माहुरकर (d) विक्रम भट्ट

110. 'द विंडफॉल' किसकी रचना है?
   (a) दीक्षा बसु (b) बिंदेश्वर पाठक
   (c) प्रियंका पाठक (d) गुलजार

111. यूनेस्को के रचनात्मक शहर नेटवर्क (Creative Cities Network) की सूची में निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान शामिल नहीं है?
   (a) जयपुर (b) वाराणसी
   (c) चेन्नई (d) लखनऊ

112. सुगम्य भारत अभियान (Accessible India Campaign) किस मंत्रालय की पहल है?
   (a) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
   (b) वित्त मंत्रालय
   (c) गृह मंत्रालय
   (d) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

113. अप्रैल, 2018 में 'खोंगजोम दिवस' निम्नलिखित मे से किस राज्य में मनाया गया?
   (a) दिल्ली (b) मणिपुर
   (c) उत्तर प्रदेश (d) मध्य प्रदेश

114. हाल ही में वायु प्रदूषण रोकने के लिये 'वायु' (WAYU–Wind Augmentation Purifying Unit) नामक डिवाइस किसके द्वारा विकसित किया गया है?
   (a) डीआरडीओ (DRDO)
   (b) सीएसआईआर-नीरी (CSIR–NEERI)
   (c) ग्रामीण विकास मंत्रालय
   (d) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

115. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है?
   (a) वांचू समिति : प्रत्यक्ष कर
   (b) कामथ समिति : शिक्षा ऋण योजना
   (c) राघवन समिति : प्रतिस्पर्द्धा कानून
   (d) (a), (b) और (c) तीनों

116. उत्तर प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है–
(a) इलाहाबाद विश्वविद्यालय
(b) लखनऊ विश्वविद्यालय
(c) बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
(d) आगरा विश्वविद्यालय

117. 'जन धन दर्शक' नामक मोबाइल एप, जिसका संबंध वित्तीय समावेशन से है, निम्नलिखित में से किसके द्वारा विकसित किया गया है?
(a) वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा
(b) औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (DIPP) द्वारा
(c) सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा
(d) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा

118. हाल ही में चर्चा में रहा 'नेवा' (NeVA) क्या है?
(a) एक डिजिटल प्लेटफॉम जो बच्चों के शिक्षा से संबंधित है।
(b) एक मोबाइल एप जो वाणिज्य-व्यापार प्रोत्साहन से संबंधित है।
(c) विकेंद्रीकृत डिजिटल एप्लीकेशन जो विधानमंडलों के दैनिक कामकाज से संबंधित सूचना डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराती है।
(d) किसानों को फसलों से संबंधित मौसमी जानकारी उपलब्ध कराने का एक डिज़िटल प्लेटफॉर्म है।

119. सिटिजन साइंस पहल निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(a) हॉर्नबिल के संरक्षण के लिये महत्त्वपूर्ण इनपुट प्रदान करने हेतु भारतीय हॉर्नबिल का दस्तावेज़ीकरण करने के लिये की गई एक पहल।
(b) भारतीय खिलाड़ियों को विज्ञान की नई तकनीकों से परिचित कराने हेतु एक नवीन पहल।
(c) भारत सरकार द्वारा छात्रों को विज्ञान से संबंधित शोध कार्यों हेतु विदेश भेजने के लिये एक पहल
(d) खाड़ी देशों में गए अपने नागरिकों की सूचना एकत्रित करने हेतु गृह मंत्रालय द्वारा संचालित एक कार्यक्रम।

120. जीपीएस मॉडयूल 'UTraQ' से संबंधित निम्नलिखित कथनों में कौन-सा सही है?
(a) चीन द्वारा विकसित यह जीपीएस मॉडयूल चीनी सेना को खुफिया जानकारी उपलब्ध कराएगा।
(b) अमेरिका द्वारा विकसित यह मॉडयूल पाकिस्तान को भारत पर नज़र रखने के लिये उपलब्ध कराया गया है।
(c) इजरायल द्वारा विकसित यह जीपीएस मॉडयूल भारत को सैन्य उपयोग के लिये प्रदान किया गया है।
(d) भारत द्वारा विकसित यह जीपीएस मॉडयूल भारत की क्षेत्रीय नौवहन प्रणाली (IRNSS) के मदद से काम करेगा तथा वास्तविक लोकेशन के बारे में बताएगा।

121. चर्चित लोढ़ा समिति निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से गठित की गई थी?
(a) गोदावरी नदी को पुनर्जीवित करने
(b) आईपीएल में सट्टेबाजी और मैच फिक्सिंग के आरोपों के अध्ययन के लिये।
(c) उद्योगों के लिये मंजूरी को सरल बनाने हेतु
(d) ई-कामर्स हेतु व्यापार मॉडल की जाँच के लिये।

122. नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल मोबाइल एप (NSP-Mobile App) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है?
(a) मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(b) केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय
(c) खेल मंत्रालय
(d) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

123. यू.एस. ओपन (महिला एकल), 2018 का खिताब किसने जीता?
(a) नाओमी ओसाका (b) सेरेना विलियम्स
(c) कैरोलीन वोजनिएकी (d) सिमोन हेलेप

124. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?
(a) 1949 (b) 1956
(c) 1957 (d) 1959

125. राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की स्थापना किस पंचवर्षीय योजना की अवधि में की गई थी?
(a) चौथी (b) पाँचवी
(c) छठी (d) आठवीं

126. फिलिप्स वक्र किनके मध्य संबंध को व्यक्त करता है?
(a) मुद्रा विस्फीति एवं बेरोज़गारी
(b) मुद्रास्फीति एवं बेरोज़गारी
(c) मुद्रास्फीति एवं अदृश्य बेरोज़गारी
(d) मुद्रा विस्फीति एवं चक्रिय बेरोज़गारी

127. भारत में वित्तीय क्षेत्र के सुधारों में शामिल है–
(a) सी.आर.आर. और एस.एल.आर. को कम करना
(b) बीमा क्षेत्र में निजी कंपनियों का प्रवेश
(c) ब्याज दर का अविनियमन
(d) उपर्युक्त सभी

128. निम्नलिखित समितियों में से किसने वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के बारे में सुझाव दिये?
   (a) आबिद हुसैन समिति
   (b) भगवती समिति
   (c) चेलैया समिति
   (d) नरसिम्हन समिति

129. केंद्रीय बैंक जब महँगी मुद्रानीति का अनुसरण करता है तब-
   (a) ब्याज की दर गिरने की संभावना होती है।
   (b) केंद्रीय बैंक अब वाणिज्यिक बैंकों को कर्ज़ नहीं देगी।
   (c) बैंक दर में वृद्धि होती है।
   (d) बैंक दर में कमी होती है।

130. भूमि विकास बैंक किसानों को ऋण उपलब्ध कराता है-
   (a) कम अवधि के लिये
   (b) मध्यम अवधि के लिये
   (c) लंबी अवधि के लिये
   (d) केवल भूमि सुधार के लिये

131. दीर्घावधि ऋण की अवधि होती है-
   (a) 1 से 2 वर्ष के लिये
   (b) 2 से 3 वर्ष के लिये
   (c) 3 से 4 वर्ष के लिये
   (d) 5 वर्ष से अधिक वर्ष के लिये

132. राज्य स्तरीय मानव विकास रिपोर्ट जारी करने वाला भारत का पहला राज्य है-
   (a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
   (c) हिमाचल प्रदेश (d) अरुणाचल प्रदेश

133. वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में सर्वाधिक जनघनत्व वाला राज्य है-
   (a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
   (c) पश्चिम बंगाल (d) केरल

134. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश की कुल आबादी में स्लम आबादी का प्रतिशत कितना है?
   (a) 9.1% (b) 9.2%
   (c) 9.4% (d) 9.5%

135. उत्तर प्रदेश की जनसंख्या, देश की कुल जनसंख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?
   (a) 16.11% (b) 16.20%
   (c) 16.30% (d) 16.50%

136. उत्पाद शुल्क क्या है?
   (a) प्रत्यक्ष कर (b) अप्रत्यक्ष कर
   (c) उपयोग कर (d) विक्रय कर

137. बिटकॉइन के संदर्भ में दिये गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह एक अभासी मुद्रा (Virtual Currency) है।
   2. यह केंद्रीय बैंको के नियंत्रण में होता है।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1
   (b) केवल 2
   (c) 1 और 2
   (d) न तो 1 और न ही 2

138. डिबेंचर के संदर्भ में दिये गए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. डिबेंचर का अर्थ ऋण-पत्र होता है।
   2. जो संस्था इन्हें जारी करती है, वह इन डिबेंचर्स पर धारक को एक निश्चित दर से ब्याज देती है।
   3. संयुक्त पूंजी कंपनियाँ ऋण प्राप्त करने हेतु अपने डिबेंचर जारी करती हैं।
   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) 1 और 2
   (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

139. राष्ट्रीय निवेश निधि (NIF) की स्थापना किस वर्ष हुई?
   (a) 2001 (b) 2003
   (c) 2004 (d) 2005

140. निम्नलिखित में से कौन आंतरिक ऋण (Internal Debt) का/के घटक है/हैं?
   (a) ट्रेज़री बिल
   (b) भारतीय रिजर्व बैंक को निर्गमित विशेष प्रतिभूतियाँ
   (c) बाज़ार ऋणादान
   (d) उपर्युक्त सभी

141. 'गरीबी हटाओ' किस पंचवर्षीय योजना का मूल उद्देश्य था?
   (a) प्रथम पंचवर्षीय योजना
   (b) तृतीय पंचवर्षीय योजना
   (c) पांचवी पंचवर्षीय योजना
   (d) सातवी पंचवर्षीय योजना

142. पंचायतों के राजस्व के निम्न स्रोत हैं-
   (a) लोक सहयोग एवं धन सहायता
   (b) कर, फीस एवं आर्थिक दंड
   (c) राज्य वित्त आयोग द्वारा आवंटन
   (d) उपर्युक्त सभी

143. निम्ननिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. रेपो दर वह दर है, जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक अन्य बैंको को अल्पकालिक उधार देती है।
2. गिनी गुणांक आय वितरण में असमानता का मापक होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2

144. सांसद आदर्श ग्राम योजना निम्नलिखित में से किसके जन्म दिवस की वर्षगाठ पर प्रारंभ किया गया?

(a) बाल गंगाधर तिलक (b) जयप्रकाश नारायण
(c) महात्मा गांधी (d) जवाहरलाल नेहरू

145. निम्नलिखित में से कौन-सा शहर धातु के व्यापार का सबसे बड़ा केंद्र है?

(a) जोहानसबर्ग (b) न्यूयॉक
(c) लंदन (d) सिंगापुर

146. कनाडा स्थित ओंटेरियो निम्नलिखित में से किस उद्योग के लिये प्रसिद्ध है?

(a) सूत्री वस्त्र (b) कागज़ उद्योग
(c) मोटर-कार (d) रसायन उद्योग

147. पेंडुलम घड़ी शीतकाल में तीव्र गति से चलती है क्योकि-

(a) इसका आवर्तपथ तथा आवर्त काल घट जाता है।
(b) इसका आवर्त पथ बढ़ जाता है।
(c) इसका आवर्त काल घट जाता है।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

148. 'ऑपरेशन फ्लड' का संबंध किससे है?

(a) बाढ़ नियंत्रण
(b) दुग्ध उत्पादन
(c) सिंचाई योजना
(d) खाद्यान्न भंडारण

149. कोरबा क्षेत्र प्रसिद्ध है-

(a) अभ्रक के लिये
(b) संगमरमर के लिये
(c) कोयला के लिये
(d) टिन के लिये

150. भारत का सबसे बड़ा आलू उत्पादक राज्य है-

(a) महाराष्ट्र (b) पंजाब
(c) उत्तर प्रदेश (d) तमिलनाडु

## यू.पी.पी.सी.एस. (प्रारंभिक परीक्षा), 2018
## सामान्य अध्ययन-I (मॉडल पेपर-2) उत्तरमाला

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (b) | 39. | (c) | 77. | (b) | 115. | (d) |
| 2. | (c) | 40. | (c) | 78. | (b) | 116. | (a) |
| 3. | (c) | 41. | (b) | 79. | (d) | 117. | (a) |
| 4. | (b) | 42. | (a) | 80. | (a) | 118. | (c) |
| 5. | (a) | 43. | (a) | 81. | (c) | 119. | (a) |
| 6. | (a) | 44. | (b) | 82. | (b) | 120. | (d) |
| 7. | (c) | 45. | (a) | 83. | (d) | 121. | (b) |
| 8. | (b) | 46. | (c) | 84. | (a) | 122. | (d) |
| 9. | (c) | 47. | (d) | 85. | (c) | 123. | (a) |
| 10. | (c) | 48. | (c) | 86. | (a) | 124. | (a) |
| 11. | (c) | 49. | (b) | 87. | (b) | 125. | (c) |
| 12. | (a) | 50. | (d) | 88. | (c) | 126. | (b) |
| 13. | (c) | 51. | (b) | 89. | (d) | 127. | (d) |
| 14. | (a) | 52. | (d) | 90. | (a) | 128. | (d) |
| 15. | (b) | 53. | (b) | 91. | (d) | 129. | (c) |
| 16. | (c) | 54. | (c) | 92. | (b) | 130. | (c) |
| 17. | (a) | 55. | (a) | 93. | (c) | 131. | (d) |
| 18. | (b) | 56. | (d) | 94. | (c) | 132. | (b) |
| 19. | (d) | 57. | (b) | 95. | (c) | 133. | (a) |
| 20. | (a) | 58. | (a) | 96. | (d) | 134. | (d) |
| 21. | (c) | 59. | (a) | 97. | (d) | 135. | (d) |
| 22. | (a) | 60. | (c) | 98. | (b) | 136. | (b) |
| 23. | (d) | 61. | (d) | 99. | (a) | 137. | (a) |
| 24. | (c) | 62. | (c) | 100. | (c) | 138. | (d) |
| 25. | (c) | 63. | (c) | 101. | (d) | 139. | (d) |
| 26. | (d) | 64. | (b) | 102. | (b) | 140. | (d) |
| 27. | (d) | 65. | (d) | 103. | (c) | 141. | (c) |
| 28. | (c) | 66. | (b) | 104. | (c) | 142. | (d) |
| 29. | (a) | 67. | (c) | 105. | (b) | 143. | (c) |
| 30. | (b) | 68. | (b) | 106. | (d) | 144. | (b) |
| 31. | (b) | 69. | (c) | 107. | (c) | 145. | (c) |
| 32. | (b) | 70. | (c) | 108. | (b) | 146. | (b) |
| 33. | (b) | 71. | (a) | 109. | (a) | 147. | (a) |
| 34. | (d) | 72. | (b) | 110. | (a) | 148. | (b) |
| 35. | (b) | 73. | (b) | 111. | (d) | 149. | (c) |
| 36. | (c) | 74. | (a) | 112. | (a) | 150. | (c) |
| 37. | (d) | 75. | (b) | 113. | (b) | | |
| 38. | (c) | 76. | (a) | 114. | (b) | | |